7 ढूँढ़ते रह जाओगे

पहेलियाँ मनोरंजन के साथ दिमागी कसरत भी कराती हैं। साथ ही कल्पना व तर्कशक्ति को भी बढ़ावा देती हैं। पहेलियाँ रोचक, मजेदार होने के साथ भाषा-विकास में भी सहयोगी हैं। पहेलियाँ हमें शब्द, वाक्य के विशिष्ट प्रयोग से भी अवगत कराती हैं। एसी ही कुछ पहेलियाँ यहाँ पर दी गई हैं।

(1) सोने की वह चीज़ है,
पर बेचे नहीं सुनार।
मोल तो ज्यादा है नहीं,
बहुत है उसका भार ।

(2) एक नगर में ढेरों चोर,
चोरों का मुँह काला।
पूँछ पकड़कर खींच दो,
झट हो जाए उजाला।

(3) पानी मेरा बाप,
पानी ही मेरा बेटा।
मुँह ऊपर करके देखो,
मैं सबके ऊपर लेटा।

(4) खुली रात में मैं पैदा होती,
हरी घास पर सोती हूँ।
मोती जैसी मूरत मेरी,
बादल की मैं पोती हूँ।

(5) इधर की बात उधर मैं करता,
उधर की इधर मैं बताता।
चुगलखोर पर कहे ना कोई,
सब के काम में आता।

(6) सोने को पलंग नहीं,
नहीं महल बनाए।
एक रुपया पास नहीं,
फिर भी राजा कहलाऊँ।

(7) तीन अक्षर का मेरा नाम,
पानी देना मेरा काम,
प्रथम कटे तो दल कहलाऊँ,
बीच कटे तो 'बाल' कहलाऊँ।

शब्दार्थ

चीज़ वस्तु **मोल** कीमत, मूल्य **ढेरों** बहुत, अधिक **उजाला** प्रकाश **मूरत** मूर्ति, तसवीर **बादल** मेघ, घन **पोती** बेटे की लड़की **चुगलखोर** पीठ पीछे बुराई करनेवाला

अभ्यास

1. **पढ़िए और समझिए :**

(1) सेजल ने काम कर दिया।

(2) कर भुगतान करना हमारा कर्तव्य है।

(3) विजय ने कर जोड़कर माफी माँगी।

2. **उपर्युक्त वाक्यों में 'कर' शब्द के विभिन्न प्रयोग हुए हैं। उसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों के अलग-अलग वाक्य बनाइए :**

(1) बस (2) सोना (3) आम (4) उत्तर (5) पूरी

3. **चित्र और शब्द की मदद से पहेली पूर्ण कीजिए :**

(1) भारत



__________ अक्षर का नाम प्यारा,
दुनिया में है __________ न्यारा।
अंत कटे तो '__________' हो जाऊँ
__________ तो 'भात' हो जाऊँ।

(2) सूरज

______ अक्षर ______ नाम मेरा,
उजाला देना काम मेरा।
पहला कटे तो '______' कहलाऊँ,
अंत कहे तो'______' बन जाऊँ।



✳ करके दिखाइए :

4. नीचे दिए गए शब्दों पर आधारित पहेली बनाइए :

(1) कमल (2) समय

अंदाज अपना-अपना

5. क्या आप मानते हैं, कि 'फोन' चुगलखोरी करता है ? कैसे ?

स्वाध्याय

✳ करके दिखाओ :

1. पहेली को पूर्ण कीजिए।

(1) काजल

______ अक्षर से बुलाते मुझे,
______ में हैं बसाते मुझे।
अंत कटे तो '______' कहाऊँ,
______ कटे तो 'काल' बन जाऊँ।

2. पहेलियाँ बनाइए :

(1) दीपक (2) पहेली

3. बहुवचन में परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए :

(1) <u>लड़की</u> खेल रही है। - लड़कियाँ खेल रही हैं।
(2) <u>लड़का</u> पानी पीता है। - ______
(3) <u>किताब</u> सुन्दर है। - ______
(4) <u>वह</u> जाता है। - ______
(5) <u>फूल</u> खिला है। - ______

इतना जानिए

पढ़िए और समझिए :

दर्द के नाम

हैजा – કૉલેરા

पीलिया – કમળો

आमातिसार – મરડો

खसरा – ખસ

बुखार – તાવ

आन्त्रज्वर – ટાઈફોઈડ, મુદતિયો તાવ

चेचक – બળિયા

दाद – દાદર

दस्त, अतिसार – ઝાડા

खुजली – ખંજવાળ

खांसी – કફ, ઉધરસ

कनपेड़ा – ગાલપચોળિયું

क़ै – ઉલટી

ऐंठन – ચૂંક

दमा – દમ

बदहजमी – અપચો

योग्यता-विस्तार

☞ **और एक पहेली ... मुझे पहचानिए ...!**

- मैं पाँच अक्षर का गाँव / शहर का नाम हूँ।
- मैं एक देशभक्त का वतन हूँ।
- मेरा पहला, दूसरा और तीसरा वर्ण मिलकर जो शब्द बनता है, उसका अर्थ 'भाग्य' होता है।
- पहला और तीसरा वर्ण मिलकर 'ज्यादा' का विरुद्धार्थी शब्द बनता है।
- पाँचवाँ और चौथा वर्ण मिलकर एक संख्या बनती है।
- पहला और दूसरा वर्ण मिलकर 'हाथ', एक क्रियापद, 'महसूल', 'छल', 'किरण', 'ओला' जैसे अनेक अर्थवाला शब्द बनता है।
- पहला, तीसरा और दूसरा वर्ण मिले तो शरीर का एक अंग होता है।

☞ **अब तो आप जान चुके होंगे ! तो बताओ मेरा नाम !**

- ❄ उपर्युक्त पहेली के आधार पर अब 'पोरबंदर' शब्द के लिए आप स्वयं एक पहेली की रचना कीजिए।
- ❄ पहेलियों का संकलन बनाएँ और साथियों से पहेलियाँ पूछें।
- ❄ **पहेलियों का उत्तर :** (1) चारपाई, (2) माचिस, (3) बादल, (4) ओस, (5) टेलीफोन, (6) शेर, (7) बादल
- योग्यता-विस्तार में दी गई–और एक पहली का उत्तर 'करमसद'